**75.** किसी ऑक्टापेप्टाइड की मूल संरचना का निर्धारण करने के लिए, अम्ल जलअपघटन (A) द्वारा, अमीनो अम्ल संगठन को परखा गया। अक्षत ओलिगोपेप्टाइड को कार्बोक्सीपेप्टिडेज (B), काइमोट्रिप्सिन (C), ट्रिप्सिन (D) और CNBr (E) के साथ उपचारित किया गया था और B से E के लिए अम्लीय जलअपघटन संपन्न किया गया था । प्रत्येक बार पेप्टाइडों को विलगित किया गया था। निम्न परिणाम प्राप्त हुए (कोष्ठक प्रत्येक अंश में अमीनो अम्लों के मिश्रण दर्शाते हैं):

(A) (2Ala, Arg, Lys, Met, Phe, 2Ser)
(B) (Ala, Arg, Lys, Met, Phe, 2Ser) and Ala
(C) (Ala, Arg, Phe, Ser), (Ala, Lys, Met, Ser)
(D) (Ala, Arg), (Lys, Phe, Ser), (Ala, Met, Ser)
(E) (Ala, Arg, Lys, Met, Phe, Ser), (Ala, Ser)

इंगित कीजिए कि ऑलिगोपेप्टाइड का सही क्रम निम्न में से कौन सा है?

1. Arg-Ala-Ser-Lys-Met-Phe-Ser-Ala
2. Arg-Ala-Ser-Lys-Phe-Met-Ser-Ala
3. Ala-Arg-Ser-Phe-Lys-Met-Ser-Ala
4. Ala-Arg-Phe-Ser-Lys-Met-Ser-Ala

www.examrace.com

**75.** In order to determine the primary structure of an octapeptide, amino acid composition was determined by acid hydrolysis (A). The intact oligopeptide was treated with carboxypeptidase (B), chymotrypsin (C), trypsin (D) and CNBr (E). The peptides were separated in each case and acid hydrolysis was carried out for B - E. Following results were obtained (the brackets represent mixtures of amino acids in each fragment):

(A) (2Ala, Arg, Lys, Met, Phe, 2Ser)
(B) (Ala, Arg, Lys, Met, Phe, 2Ser) and Ala
(C) (Ala, Arg, Phe, Ser), (Ala, Lys, Met, Ser)
(D) (Ala, Arg), (Lys, Phe, Ser), (Ala, Met, Ser)
(E) (Ala, Arg, Lys, Met, Phe, Ser), (Ala, Ser)

Which one is the correct sequence of the oligopeptide?

1. Arg-Ala-Ser-Lys-Met-Phe-Ser-Ala
2. Arg-Ala-Ser-Lys-Phe-Met-Ser-Ala
3. Ala-Arg-Ser-Phe-Lys-Met-Ser-Ala
4. Ala-Arg-Phe-Ser-Lys-Met-Ser-Ala

**76.** आप संवर्धन में किसी जीवंत कोशिका में एक समाकल जीवद्रव्य कला प्रोटीन के अंतःकोशिकी वर्गीकरण का अध्ययन कर रहे हैं। आपने इस प्रोटीन के मार्ग की खोज $^{35}$S-मेथियोनिन (स्पन्द-उत्कीर्णन तकनीक) के साथ उपापचयी संकेतन तकनीक द्वारा करने का निर्णय लिया है। विभाजन के एक चक्र के उपरांत, कोशिकाओं को प्रोटीन जैव संश्लेषण के सक्षम संदमक द्वारा उपचारित कर, उपकोशिकीय प्रभाजन के लिए संसाधित किया गया। इंगित कीजिए कि एक विशिष्ट प्रतिपिंड के साथ प्रतिरक्षा अवक्षेपण करने के उपरांत आप इस प्रोटीन के उपस्थित होने की अपेक्षा निम्न में से किस अंश में करेंगे?

1. मात्र जीवद्रव्य में
2. मात्र जीवद्रव्य कला में
3. अंतर्द्रव्यी जालिका और जीवद्रव्य कला दोनों ही में
4. मात्र स्रावी पुटिकाओं और अंतर्द्रव्यी जालिका में

**76.** You are following the intracellular sorting of an integral plasma membrane protein in a living cell, in culture. You have decided to probe this protein by metabolic labeling technique with $^{35}$S-methionine (pulse-chase technique). After one cycle of division, the cells were treated with a potent inhibitor of protein biosynthesis and processed for subcellular fractionation. In which of the following fractions will you expect the presence of this protein upon immunoprecipitation with a specific antibody?

1. Only cytoplasm.
2. Only plasma membrane.
3. Both endoplasmic reticulum and plasma membrane.
4. Only secretory vesicles and endoplasmic reticulum.

**77.** लायसोसोमी हाइड्रोलेजों के परा गॉल्जी जाल (pH 6.6) से विलंबित एन्डोसोमों (pH 6.0) के परिवहन और M6P (मेनोज 6 फॉस्फेट) ग्राहियों के गाल्जी को पुनर्चक्रण की मुख्य पथिका दोनो कक्षों के बीच pH के अंतर पर निर्भर करती है। M6P ग्राही आबंधक और पुनर्चक्रण और लाइसोसोमों में पदार्थों के हस्तान्तरण की पथिकाओं के संदर्भ में अपने संज्ञान के आधार पर भविष्यवाणी कीजिए कि यदि विलंबित एन्डोसोमों में pH 6.6 के स्तर पर बढ़ा दिया जाए तो परिणाम क्या होगा?

1. M6P हाइड्रोलेजों का आबंधन तो करेगा लेकिन हाइड्रोलेजों को विलंबित एन्डोसोमों में अवमोचित नहीं करेगा
2. M6P हाइड्रोलेजों का आबंधन करेगा लेकिन हाइड्रोलेजों को विलंबित एन्डोसोमों में अवमोचित करेगा
3. उच्च एन्डोसोमी pH पर, ग्राही हाइड्रोलेज का अवमोचन नहीं करेगा और इसका गाल्जी जाल की ओर पुनर्चक्रण नहीं हो सकता।
4. उच्च pH पर M6P अपघटित हो जाएगा

**77.** The principal pathway for transport of lysosomal hydrolases from the trans Golgi network (pH 6.6) to the late endosomes (pH 6.0) and the recycling of M6P (mannose 6 phosphate) receptors back to the Golgi depends on the pH difference between those two compartments. From what you know about M6P receptor binding and recycling and the pathways for delivery of material to lysosomes, predict what would happen if the pH in late endosomes was raised to 6.6?

1. M6P will bind to hydrolases but will not release the hydrolases in the late endosomes.
2. M6P will bind to hydrolases and will release the hydrolases in the late endosomes.
3. At higher endosomal pH, the receptor would not release the hydrolase and could not be recycled back to the trans Golgi network.
4. M6P will be degraded at higher pH.

**78.** किसी जाति को द्विगुणित जीनोम में 6.4 x $10^9$ bp होते हैं और यह 6 μm व्यासधारी केन्द्रक में उपयुक्त रूप से समा जाता है। यदि क्षारीय युग्म डी एन ए कुंडली पर 0.34 nm के अंतरालों पर वितरित हों तो इंगित कीजिए कि किसी सुप्त कोशिका में डी एन ए की कुल लंबाई कितनी होगी?

1. 3.0 m
2. 3.5 m
3. 2.2 m
4. 4.0 m

**78.** The diploid genome of a species comprises 6.4 x $10^9$ bp and fits into a nucleus that is 6 μm in diameter. If base pairs occur at intervals of 0.34 nm along the DNA helix, what is the total length of DNA in a resting cell?

1. 3.0 m
2. 3.5 m
3. 2.2 m
4. 4.0 m

**79.** सेरीनों का फॉस्फोरिलीकरण तथा हिस्टोन पुच्छों में लाइसिनों का मेथिलीकरण और एसीटिलीकरण न्यूक्लियोसोम स्तर से ऊपर क्रोमेटिन संरचना की स्थिरता को प्रभावित करते हैं एवं जीन अभिव्यक्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण निष्कर्ष धारण करते हैं। इस प्रकार से उत्पन्न आवेश में आया परिवर्तन पुच्छों का डी एन ए के साथ परस्पर क्रिया करने की क्षमता को प्रभावित करेगा क्योंकि


1. डी एन ए ऋणात्मक आवेशित होता है
2. डी एन ए-हिस्टोन परस्पर क्रिया शुद्ध आवेश से स्वतंत्र होती है
3. सेरीन का फॉस्फोरिलीकरण डी एन ए-हिस्टोन परस्पर क्रिया को बढ़ाता है
4. लाइसिन का मेथिलीकरण और एसीटिलीकरण डी एन ए-हिस्टोन परस्पर क्रिया को बढ़ाता है

**79.** Phosphorylation of serines as well as methylation and acetylation of lysines in histone tails affect the stability of chromatin structure above the nucleosome level and have important consequences for gene expression. The resulting changes in charge are expected to affect the ability of the tails to interact with DNA because

www.examrace.com

1. DNA is negatively charged.
2. DNA-histone interaction is independent of net charge.
3. phosphorylation of serine increases DNA-histone interaction.
4. methylation and acetylation of lysine increases DNA-histone interaction.


**80.** ऐसी कोशिकाएं जो रेडियोधर्मी थाइमिडीन युक्त माध्यम में वृद्धि और विभाजन कर रही हैं, S अवस्था में अपने DNA में थाईमिडीन को सहसंयोजक रूप से समावेशित कर लेती हैं । एक ऐसे सरल प्रयोग को ध्यान में लाइए जिसमें कोशिकाएं एक सूक्ष्म (30 मिनटों), प्रभावन द्वारा रेडियोसक्रिय थाइमिडीन चिह्नित हो जाती हैं । इसके उपरांत माध्यम को चिह्नन-रहित थाइमिडीन के साथ बदल दिया गया तथा कोशिकाएं अतिरिक्त समय तक वृद्धि करती और विभाजित होती रहीं। माध्यम परिवर्तन के बाद कुछ-कुछ समय उपरांत, कोशिकाओं को एक सूक्ष्मदर्शी द्वारा जांचा गया। समसूत्रण कर रही कोशिकाएं अपने सघन गुणसूत्रों द्वारा सरलता से पहचानी जाती हैं जब कि कोशिकाओं का वह अंश जिसमें रेडियोसक्रिय डी एन ए विद्यमान है, का स्वतः-रेडियोधर्मिता द्वारा आकलन किया जा सकता है। और इसको नीचे दर्शाए चित्र के अनुसार थाइमिडीन संकेतन से समय की क्रियात्मकता के क्रम में आलेखित किया जा सकता है:




वक्र के उतार चढ़ाव का कारण है

1. वक्र की प्रारंभिक चढ़ाव उन कोशिकाओं को दर्शाता है जो कि ठीक उसी समय (S phase) डी एन ए प्रतिकृतिकरण समापण कर रहे थे जब रडियोसक्रिय थाइमिडीन को मिलाया गया था ।
2. वक्र की शिखर कोशिकाओं की M अवस्था को दर्शाता है ।
3. वक्र में 20 मिनट के उपरांत का चढ़ाव कोशिकाओं की एपोप्टोटिक अवस्था से संबद्ध है ।
4. वक्र में 10 मिनट के उपरांत आया उतार कोशिकाओं का M अवस्था में <u>विद्यमान</u> होना दर्शाता है।

**80.** Cells that grow and divide in a medium containing radioactive thymidine covalently incorporate the thymidine into their DNA during S phase. Consider a simple experiment in which cells are labeled by a brief (30 minutes) exposure to radioactive thymidine. The medium is then replaced with one containing unlabeled thymidine, and the cells grow and divide for some additional time. At different time points after replacement of the medium, cells are examined under a microscope. Cells in mitosis are easy to recognize by their condensed chromosomes and the fraction of mitotic cells that have radioactive DNA can be estimated by autoradiography and plotted as a function of time after the thymidine labeling as in the figure below:



The rise and fall of the curve is because:

1. initial rise of the curve corresponds to cells that were just finishing DNA replication when radioactive thymidine was added (S phase).
2. the peak of the curve corresponds to cells in M phase.
3. the rise in curve after 20 min corresponds to cells in apoptotic phase.
4. the fall in curve after 10 min indicates the cells exiting M phase.

**81.** एक द्रुत गति से वृद्धि कर रही जीवाणु-जाति जैसे *ए. कोलाई,* तरल पोषक यूष(liquid nutrient broth) में वृद्धि चक्र की लाक्षणिक अवस्था (पश्चता अवस्था → लॉग अवस्था → स्थायी अवस्था → मृत्यु अवस्था) दर्शाती हैं। यदि प्रारंभिक सघनता $10^3$ कोशिकाएं/मिलि धारी जीवाणुओं के संवर्धन का पश्चता समय 10 मिनट हो और उनका प्रजनन समय भी 10 मिनट हो, तो इंगित कीजिए कि 30 मिनट व्यतीत होने पर कोशिका सघनता कितनी (कोशिकाएँ/मिलि) होगी?

1. $6.0 \times 10^3$
2. $2.0 \times 10^3$
3. $3.0 \times 10^3$
4. $4.0 \times 10^3$

**81.** A rapidly growing bacterial species such as *E. coli* exhibits a typical phase of growth cycle in liquid nutrient broth (lag phase → log phase → stationary phase → death phase). If a bacterial culture has a starting density of $10^3$ cells/ml has a lag time of 10 minutes and a generation time of 10 minutes, what will the cell density be at (cells/ml) 30 minutes?

1. $6.0 \times 10^3$
2. $2.0 \times 10^3$
3. $3.0 \times 10^3$
4. $4.0 \times 10^3$

**82.** डी एन ए प्रतिकृतिकरण में अंतखंड की भूमिका का अध्ययन करने के लिए आनुवंशिकतः अभियंत्रिकीकृत ऐसे मूषकों को तैयार किया गया जिनमें टीलोमरेज आर एन ए की जीन का समापन कर दिया गया था। जब इन जीन समापनधारी मूषकों से कोशिकाओं को लेकर *पात्रे* संवर्धित किया गया, तो उन्होंने 100 कोशिका विभाजनों के उपरांत भी प्रचुरोद्भवन दर्शाया जो मानवीय कोशिकाओं में बिल्कुल नहीं पाया जा सकता। इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा सही कारण है?

1. डी एन ए प्रतिकृतिकरण के संदर्भ में टीलोमरेज एंजाइम की वांछनीयता की दृष्टि से मानव और मूषक मूलभूत रूप में भिन्न होते हैं ।
2. *पात्रे* , मूषक डी एन ए सिरे से सिरे गुणसूत्र संलयन के कारण वृत्ताकार हो जाता है और डी एन ए सिरा प्रतिकृतिकरण के लिए टीलोमरेज की आवश्यकता नहीं होती ।
3. मूषकों में मानव की तुलना में कहीं पर्याप्त लंबे विस्तार वाला अंतखंड डी एन ए अनुक्रम विद्यमान होता है ।
4. *पात्रे* , मूषक डी एन ए प्रतिकृतिकरण को आर एन ए प्रारंभकों की आवश्यकता नहीं होती ।


**82.** In order to study the role of telomeres in DNA replication, genetically engineered mice were prepared, where the gene for telomerase RNA was knocked out. When cells from these knock out mice were taken and cultured *in vitro*, they proliferated even after 100 cell divisions which is quite unlikely in the case of human cells.

www.examrace.com


Which of the following is the correct reason?

1. Human and mice are fundamentally different with respect to their requirements for telomerase enzyme in the context of DNA replication.
2. *In vitro*, mice DNA becomes circular due to end to end chromosome fusion and does not require telomerase for DNA end replication.
3. Mice have very long stretch of telomere DNA sequence compared to that of human.
4. *In vitro*, mice DNA replication does not require the removal of RNA primers.

**83.** आप *पात्रे,* एक ऐसे यूकैरियोटी अनुलेखन तंत्र के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसमें दोनों आच्छदयुक्त और आच्छद-विहीन प्रकार के दूत एम आर एन ए (mRNAs) का उत्पादन किया। आप ने इन दूत एम आर एन एजों (mRNAs) को स्तनपोषीय कोशिका केन्द्रकी निष्कर्ष के साथ ऊष्मायित किया और फिर अलग-अलग उत्पादों का नीचे दर्शाए चित्र के अनुरूप मापन किया। इंगित कीजिए कि नीचे दिए गए ग्राफों में से कौन- सा अपेक्षित परिणामों को सही रूप में दर्शाता है?




**83.** You are working with an *in vitro* eukaryotic transcription system, which produced both capped and uncapped mRNAs. You incubated these mRNAs with mammalian cell nuclear extract and then quantified the different products as shown below. Which of the following graphs correctly represents the expected result?




**84.** एक एंजाइम-विहीन विषाणु X प्रोटीन विशिष्ट कोशिकीय जीन वर्धक क्रियाशीलता अभिप्रेरित करती पाई गई। यद्दपि X प्रोटीन के साथ किसी भी प्रकार की *पात्रे (in vitro)* डी एन ए आबंधन क्रियाशीलता की पहचान नहीं की जा सकी, यह जीवे *(in vivo)* कोशिकीय वर्धक पर एक कोशिकीय अनुलेखन कारक के साथ सह-नियोजित पाई गई ।

उपरोक्त खोजों के क्रम में निम्न में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम व्याख्या प्रस्तुत करता है?

1. X एक डी एन ए आबंधन प्रोटीन है ।
2. X अनुलेखन कारक के साथ प्राकृतिक नियम के अनुसार परस्पर क्रिया करती है।
3. X क्रोमेटिन का अनुलेखन सक्रियण के लिए रूपांतरित करती है ।
4. X एक संरक्षिका है ।

**84.** A non-enzymatic viral protein X was found to be inducing a cellular gene promoter activity. Although no *in vitro* DNA binding activity could be identified with X protein, it was found to be co-recruited on the cellular promoter along with a cellular transcription factor *in vivo*.

Which one of the following statements seems to be the best interpretation of the above findings?

1. X is a DNA-binding protein.
2. X physically interacts with the transcription factor.
3. X modifies the chromatin for transcription activation.
4. X is a chaperone.

**85.** प्रोटीन संश्लेषण के दीर्घीकरण चरण के मध्य, स्थानांतरण mRNA और पेप्टिडिल t-RNA को राइबोसोम की सहायता से एक कोडोन अग्रसरित करता है। *ए. कोलाई* में GTP और EF-G स्थानांतरण से संबद्ध होते हैं । लेकिन इसके बावजूद, *पात्रे* स्थानांतरण GTP और EF-G से स्वतंत्र भी संपन्न हो सकता है। इन प्रेक्षणों के आधार पर निम्न परिकल्पनाएं प्रस्तुत की जा सकती हैं:

(A) स्थानांतरण की *पात्रे* आण्विक अभिक्रिया जीवे अभिक्रिया से पूर्णतः भिन्न है ।

(B) स्थानांतरण क्रियाशीलता GTP जल अपघटन से स्वतंत्र है।

(C) स्थानांतरण क्रियाशीलता पूर्णतः GTP और EF-G के अधीन है ।

(D) स्थानांतरण क्रियाशीलता राइबोसोमों में अंतर्निहित होती है, लेकिन पात्रे स्थानांतरण की दर GTP और EF-G की उपस्थिति में पर्याप्त रूप से बढ़ जाती है ।

इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है?

1. मात्र (D) ।
2. (A) और (C) ।
3. (A) और (B) ।
4. (C) और (D) ।

**85.** During elongation step of protein synthesis, translocation moves the mRNA and the peptidyl t-RNA by one codon through the ribosome. Translocation in *E. coli* involves GTP and EF-G. However, *in vitro* translocation can take place independent of GTP and EF-G. Based on these observations, the following hypotheses can be made:

(A) The molecular mechanism of translocation *in vitro* is completely different from that *in vivo*.

(B) Translocation activity is independent of GTP hydrolysis.

(C) Translocation activity is completely dependent on GTP and EF-G.

(D) Translocation activity is inherent in ribosomes, however, the rate of translocation *in vivo* is enhanced significantly in presence of GTP and EF-G

Which one of the following combinations is correct?

1. only (D)
2. (A) and (C)
3. (A) and (B)
4. (C) and (D)

**86.** कशेरुकियों में डी एन ए मेथिलीकरण अनुलेखन नियंत्रण के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। ऐसा पाया गया है कि किसी जीन के निकटवर्ती क्षेत्र और इसकी अनुलेखन दर और डी एन ए मेथिलीकरण स्तर के बीच एक विपरीत सहसंबंध होता है जबकि हिस्टोन एसिटिलीकरण और बढ़े हुए अनुलेखन के मध्य सीधा सहसंबंध है। मानवों में β-थैलिसेमिया हेमोग्लोबिन β-श्रृंखला संश्लेषण की एक सामान्य आनुवंशिक क्षति है। यदि ऐसे रोगी हेमोग्लोबिन β–श्रृंखला के स्थान पर हेमोग्लोबिन-F संश्लेषण कर सकें तो उनको पर्याप्त लाभ होगा। देखा गया है कि यदि β–थैलेसेमिया रोगियों को 5-ऐजासाइटिडीन प्रदान कर दी जाए तो लाल रुधिर कोशिकाओं में

www.examrace.com

हेमोग्लोबिन-F का स्तर बढ़ जाता है और रोगी लाभान्वित होते हैं।

इंगित कीजिए कि 5-ऐजासाइटिडीन के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

1. ऐसी कोशिकाएं जो 5-ऐजासाइटिडीन के प्रभाव में आ जाती हैं इसे साइटिटीन के स्थान पर डी एन ए में समाविष्ट कर देता है।
2. 5-ऐजासाइटिडीन डी एन ए मेथिलेशन को कम कर देता है
3. 5-ऐजासाइटिडीन हिस्टोन एसिटिलीकरण को अग्रसर करता है
4. 5-ऐजासाइटिडीन जीन अभिव्यक्ति को अग्रसर नहीं करता है

**86.** DNA methylation plays an important role in transcription regulation in vertebrates. There is an inverse correlation between the level of DNA methylation in the vicinity of a gene and its transcription rate, whereas there is a direct correlation between histone acetylation and increased transcription. β-thalassemia is a common genetic impairment of hemoglobin β–chain synthesis in humans. If these patients can synthesize hemoglobin-F instead of hemoglobin β-chain in its place, they would be notably benefited. Administration of 5-azacytidine to β–thalassemia patients increases hemoglobin-F level in erythrocytes and thus benefit the patients.

Which one of the following statements about 5-azacytidine is **NOT** correct?

1. Cells exposed to 5-azacytidine incorporate it into DNA in place of cytidine.
2. 5-azacytidine decreases DNA methylation.
3. 5-azacytidine promotes histone acetylation.
4. 5-azacytidine does not promote gene expression.

**87.** ऐसी कोशिकाओं जिनमें G प्रोटीन युग्मित ग्राही विद्यमान था, siआरएनए तकनीक से प्रोटीन काइनेज A द्वारा संदमन करने पर ऐन्ड्रोजेन आबंधन प्रोटीन (ABP) और CREB प्रोटीन का अनुलेखन घट गया । cAMP, जो दूसरा दूत है, के मिलाने से

1. ABP का अनुलेखन बढ़ जाएगा ।
2. CREB प्रोटीन का फास्फोरिलीकरण बढ़ जाएगा ।
3. अनुलेखन स्तर पर कोई परिवर्तन नहीं होगा।
4. Gα उपएकक की GTPase क्रियाशीलता बढ़ जाएगी ।

**87.** In cells having G protein coupled receptor, inhibition of protein kinase A by siRNA technology led to diminished transcription of androgen binding protein (ABP) and CREB protein. Addition of cAMP, which is a second messenger, will lead to

1. increased transcription of ABP.
2. increased phosphorylation of CREB protein.
3. no change in transcription level.
4. increased GTPase activity of Gα subunit.

**88.** यदि किसी लिगेन्ड का कोशिका-सतह ग्राही से आबंधन कर दिया जाए तो 4 प्रोटीन काइनेजों के आनुक्रमिक सक्रियण के माध्यम से एक अंतःकोशिकी संकेत पारक्रमण पथिका सक्रिय हो जाती है । मानवीय कोशिका रेखा A में, यह काइनेज एक संकेतन जटिल में एक मंचसम प्रोटीन द्वारा आयोजित रहते हैं जब कि दूसरी कोशिका रेखा B में, यह काइनेज मुक्त रूप से विसरण योग्य होते हैं। आपके अनुसार निम्न में से कौन-सी सम्भावना सही **नहीं** है ?

www.examrace.com

1. कोशिका A में संकेत पारक्रमण गति उच्च होगी ।
2. कोशिका A में अन्य संकेत पारक्रमण पथिकाओं से तिर्यक बंधन की सम्भावना अपेक्षाकृत कम होगी ।
3. कोशिका A में संकेत प्रवर्धन की सम्भावना अपेक्षाकृत अधिक होगी ।
4. कोशिका B में अन्य संकेतन पथिकाओं के माध्यम से संकेत प्रसारण की क्षमता अपेक्षाकृत उच्च होगी ।

**88.** Binding of a ligand to a cell-surface receptor activates an intracellular signal transduction pathway through the sequential activation of four protein kinases. In the human cell line A, these kinases are held in a signaling complex by a scaffolding protein whereas in another cell line B, these kinases are freely diffusible. Which one of the following possibilities do you think is **NOT** correct?

1. Speed of signal transduction will be higher in cell A.
2. Possibility of cross-linking with other signal transduction pathways will be lesser in cell A.
3. Possibility of signal amplification will be higher in cell A.
4. Potency of spreading signal through other signaling pathways will be higher in cell B.

**89.** रक्ताणु उत्पत्ति (एराइथ्रोपोएसिस) को समझने के लिए मूषक रक्तश्वेत (MEL) कोशिकाओं को *एक पात्रे* कोशिका संवर्धन मॉडल के रूप में उपयोग किया जाता है । इन कोशिकाओं को रूपांतरण के कारण प्राकरक्ताणुकोरक अवस्था में अवरोधित कर दिया जाता है। इन कोशिकाओं को हीम द्वारा आगे विभेदन के लिए अभिप्रेरित किया जा सकता है ताकि यह हेमोग्लोबिन का संश्लेषण कर सकें। इस क्रम में सर्वाधिक सम्भव आण्विक अभिक्रिया यह हो सकती है कि हीम उस अंतर्जात हीम नियंत्रित अवरोधक (HRI) काइनेज को संदमित और/अथवा अधोनियंत्रित कर सकता है, जो ग्लोबिन संश्लेषण का एक अवरोधक है इस अधोनियंत्रण के फलस्वरूप विभेदन अग्रसरित हो जाता है ।

इस परिकल्पना का सत्यापन करने के लिए निम्न में से कौन-सी विधि उचित **नहीं** है ?


1. HRI काइनेज जीन धारी MEL कोशिकाओं को स्थानांतरित करना
2. MEL कोशिकाओं में विद्यमान HRI काइनेज जीन को समाप्त कर देना
3. प्रोटीन संश्लेषण की दर का विभेदन के एक कृत्य के रूप में *स्वस्थाने* निधारिण करना
4. HRI काइनेज सक्रियता का विभेदन के एक कृत्य के रूप में मापन करना

**89.** Mouse erythroleukemia (MEL) cells are used as an *in vitro* cell culture model for understanding erythropoiesis. These cells are arrested at the stage of pro-erythroblast due to transformation. These cells could be induced by heme to differentiate further so as to synthesize hemoglobin. The most probable molecular mechanism for this could be that heme may suppress and/or downregulate an endogenous heme-regulated inhibitor (HRI) kinase, an inhibitor of globin synthesis. This downregulation in turn promotes differentiation.


To validate this hypothesis which of the following approaches is **NOT** appropriate?

1. Transfect MEL cells with HRI kinase gene.
2. Knock down HRI kinase gene in MEL cells.
3. Determine the rate of protein synthesis *in situ* as a function of differentiation.
4. Measure HRI kinase activity as a function of differentiation.

**90.** कोशिकाएं दो स्पष्ट एवं अंतरासम्बद्ध पथिकाओं, बाह्य एवं आंतरिक, द्वारा आघात (apoptosis) अनुभव करती हैं । बाह्य पथिका कोशिका बाह्य लिगेन्ड के कोशिका सतह मृत्यु ग्राहियों से आबंधन द्वारा सक्रिय होता है। इसके विपरीत जब कोई आघातीय उद्दीपन आंतरिक पथिका को सक्रिय करता है तो प्राक-आघाती बाक्स एवं बाक प्रोटीनें सक्रिय हो जाती हैं और माइटोकॉन्ड्रिया से साइटोक्रोम C का अवमोचन अभिप्रेरित करती हैं जिससे केस्पेज-केस्केड सक्रियण प्रारम्भ हो जाता है और अंततः आघात परिलक्षित होता है। किसी कोशिका A में सूक्ष्म संक्षेपण द्वारा साइटोक्रोम C को प्रविष्ट कराया गया है, इसके विपरीत कोशिका B में, यद्यपि सूक्ष्मसंक्षेपण द्वारा साइटोक्रोम C को तो प्रविष्ट कराया गया है, परन्तु बाक्स एवं बाक ( प्रोटीनों ) को निष्क्रिय कर दिया गया है। इंगित कीजिए कि दोनों कोशिकाओं में सबसे उपयुक्त आघातीय प्रत्युत्तर प्रकार कौन-सा होगा?




**90.** Cells undergo apoptosis by two distinct and inter-connected pathways: extrinsic and intrinsic. Extrinsic pathway is activated by extracellular ligand binding to cell surface death receptors. Whenever an apoptotic stimulus activates intrinsic pathway, the pro-apoptotic Bax and Bak proteins become activated and induce the release of cytochrome C from mitochondria leading to caspase cascade activation resulting in apoptosis. In cell A, cytochrome C is introduced by microinjection whereas in cell B, cytochrome C is introduced by microinjection but Bax and Bak are inactivated. What will be the most appropriate apoptotic response type in both cells?




**91.** BALB/c मूषकों की द्रुमिका कोशिकाओं (DC) को IL-10 अथवा IFN-Υ द्वारा उपचारित किया गया। इसी प्रकार β2-माइक्रोग्लोब्यूलिन-रहित मूषकों की द्रुमिका कोशिकाओं को भी IL-10 अथवा IFN-Υ द्वारा उपचारित किया गया । इन कोशिकाओं को,HEL पेप्टाइड की उपस्थिति में, मुर्गी के अंडों के लायसोजाइम (HEL)-विशिष्ट T कोशिकाग्राही पराजीनी मूषक की $CD8^+$ T कोशिकाओं के साथ सह-संवर्धित किया गया । पांच दिनों के बाद, $CD8^+$ T कोशिकाओं का ध्येय कोशिका लयन के लिए आमापन किया गया । इंगित कीजिए कि निम्न संयोजनों में से कौन-से में अधिकतम ध्येय कोशिका आविषालुता होगी?

1. DC $(BALB/c)^{IL-10} \times CD8^+T$
2. DC $(BALB/c)^{IFN-\Upsilon} \times CD8^+T$
3. DC $(\beta 2\text{-microglobulin-deficient})^{IL-10} \times CD8^+T$
4. DC $(\beta 2\text{-microglobulin-deficient})^{IFN-\Upsilon} \times CD8^+T$

**91.** Dendritic cells (DC) from BALB/c mice were treated with 1L-10 or with IFN-Υ. Similarly, dendritic cells from β2-microglobulin-deficient mice were also treated with 1L-10 or with IFN-Υ.These cells were co-cultured with $CD8^+$ T cells from hen egg lysozyme (HEL)-specific T cell receptor transgenic mice in presence of the HEL peptide. Five days later, $CD8^+$ T cells were assayed for target cell lysis. Which one of the following combinations will have the highest target cytotoxicity?

1. DC $(BALB/c)^{IL-10} \times CD8^+T$
2. DC $(BALB/c)^{IFN-\Upsilon} \times CD8^+T$
3. DC (β2-microglobulin-deficient) $^{IL-10} \times CD8^+T$
4. DC (β2-microglobulin-deficient) $^{IFN-\Upsilon} \times CD8^+T$

**92.** जब दो अथवा अधिक शुक्राणु एक अंड का निषेचन करते हैं तो बहुशुक्राणुता (polyspermy) की स्थिति उत्पन्न होती है। यह प्रायः प्राणघातक होती है क्योंकि यह ऐसे कोरकखंडों का उत्पादन करती है जिसमें भिन्न गुणसूत्र संख्या और प्रकार विद्यमान होते हैं । इस स्थिति के परिप्रेक्ष में बहुत-सी जातियों में बहुशुक्राणुता के दो अवरोध विद्यमान होते हैः द्रुत अवरोध और मंद अवरोध। समुद्री अर्चिनो में:

(A) द्रुत अवरोध का प्रभाव तत्काल होता है जिसके फलस्वरूप अंड कला का सुप्त विभव बढ़ जाता है और शुक्राणु को अंड के साथ संलयित नहीं होने देता तथा यह क्रिया सोडियम आयनों के अंतर्वाह द्वारा समामेलित की जाती है ।

(B) द्रुत अवरोध का प्रभाव तत्काल होता है जिसके फलस्वरूप अंड कला का सुप्त विभव बढ़ जाता है और शुक्राणु को अंड के साथ संलयित नहीं होने देता तथा यह क्रिया सोडियम आयनों के बहिर्वाह द्वारा समामेलित की जाती है ।

(C) मन्द अवरोध अथवा वल्कुट कणिका अभिक्रिया कैल्सियम आयनों द्वारा समामेलित की जाती है ।

(D) मन्द अवरोध अथवा वल्कुट कणिका अभिक्रिया पोटैशियम आयनों द्वारा समामेलित की जाती है ।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

1. (A) और (C)
2. (A) और (D)
3. (B) और (C)
4. (B) और (D)

**92.** Polyspermy results when two or more sperms fertilize an egg. It is usually lethal since it results in blastomeres with different numbers and types of chromosomes. Many species therefore, have two blocks to polyspermy: the fast block and the slow block.

In the case of sea urchins:

(A) the fast block is immediate and causes the egg membrane resting potential to rise which does not allow the sperm to fuse with the egg and is mediated by an influx of sodium ions.

(B) the fast block is immediate and causes the egg membrane resting potential to rise which does not allow the sperm to fuse with the egg and is mediated by an efflux of sodium ions.

(C) the slow block or cortical granule reaction is mediated by calcium ions.

(D) the slow block or cortical granule reaction is mediated by potassium ions.

Which of the above statements are true?

1. (A) and (C)
2. (A) and (D)
3. (B) and (C)
4. (B) and (D)



www.examrace.com

**93.** एक प्रयोग में, उन कोशिकाएं को जो सामान्यतः *ड्रोसोफाइला* की टांग का मध्य खंड बन जाएँगी, लारवा के टांग-निर्माण क्षेत्र से विलगित कर दिया गया और इन्हें मक्खी की शृंगिका के शीर्ष में रख दिया गया। स्थितिक सूचना की प्रवणता के परिचालन के क्रम में 'फ्रैन्च फ्लैग' सादृश्यता के आधार पर, इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

1. यद्यपि रोपित कोशिकाएं अपनी टांग कोशिकाओं की प्रतिबद्ध पदवी बनाए रखती हैं, लेकिन टांग शीर्ष कोशिकाओं अर्थात पंजे बनने के कारण अपने वातावरण की स्थितिक सूचना के प्रति प्रतिक्रिया दर्शाती है ।
2. चूंकि रोपित कोशिकाएं निर्धारित टांग कोशिकाएं हैं अतः ये शृंगिका के स्थान पर पूर्ण पाद का निर्माण करेंगी।
3. रोपित कोशिकाएं नए वातावरण में विद्यमान नई कोशिकाओं के साथ मिल जायेंगी और इस क्रम में परिवर्धित होकर शृंगिका का निर्माण करेंगी।
4. रोपित कोशिकाएं अपनी टांग कोशिकाओं की प्रतिबद्ध पदवी को बनाए रखती हैं और एक विचित्रोतकी संरचना के निर्माण हेतु परिवर्धित हो जायेंगी जिसमें निकटस्थ क्षेत्र तो शृंगिका का होगा जब कि दूरस्थ क्षेत्र का पूर्ण टांग के रूप में अंत होगा ।

**93.** In an experiment, the cells that would normally become the middle segment of a *Drosophila* leg were removed from the leg forming area of the larva and were placed in the tip of the fly's antenna. Based on the "French flag" analogy for the operation of a gradient of positional information, which of the following statements is true?

The transplanted cells retain their committed status as leg cells, but respond to the positional information of their environment by becoming leg tip cells—ie., claws.

2. The transplanted cells are determined as leg cells and therefore would form a complete limb instead of an antenna.
3. The transplanted cells would intermingle with the cells present in the new environment and develop accordingly to give rise to an antenna.
4. The transplanted cells retain their committed status as leg cells and would develop to form a chimeric structure having proximal region made of antenna and the distal region ending in a complete leg.

**94.** न्यूट की प्रारंभिक और उत्तर कंदुक अवस्थाओं में संपन्न किए गए निम्न रोपण प्रयोगों से आप निम्न (A-D) में से कौन-से परिणाम निकालेंगे?

| | आतिथेय क्षेत्र | दाता क्षेत्र | दाता ऊतक का विभेदन |
|---|---|---|---|
| | **प्रारंभिक कन्दुक** | | |
| (1) | भावी तंत्रकोशिकाएं | भावी बाह्यत्वचा | बाह्यत्वचा |
| (2) | भावी बाह्यत्वचा | भावी तंत्रकोशिकाएं | तंत्रकोशिकाएं |
| | **उत्तर कंदुक** | | |
| (1) | भावी तंत्रकोशिकाएं | भावी बाह्यत्वचा | तंत्रकोशिकाएं |
| (2) | भावी बाह्यत्वचा | भावी तंत्रकोशिकाएं | बाह्यत्वचा |

(A) प्रारंभिक न्यूट कंदुक की कोशिकाएं सप्रतिबंध परिवर्धन दर्शाती हैं

(B) प्रारंभिक न्यूट कंदुक की कोशिकाएं स्वायत्त परिवर्धन दर्शाती हैं

(C) उत्तर न्यूट कंदुक की कोशिकाएं सप्रतिबंध परिवर्धन दर्शाती हैं

(D) उत्तर न्यूट कंदुक की कोशिकाएं स्वायत्त परिवर्धन दर्शाती हैं



www.examrace.com

सही परिणाम हैं:

1. (A) और (D)
2. (B) और (C)
3. (A) मात्र
4. (D) मात्र

**94.** Which of the inferences (A-D) given below would you draw from the following tissue transplantation experiments performed with the early and late gastrula stages of the newt?

| | Host regions | Donor regions | Differentiation of donor tissue |
|---|---|---|---|
| | **EARLY GASTRULA** | | |
| (i) | Prospective neurons | Prospective epidermis | Epidermis |
| (ii) | Prospective epidermis | Prospective neurons | Neurons |
| | **LATE GASTRULA** | | |
| (i) | Prospective neurons | Prospective epidermis | Neurons |
| (ii) | Prospective epidermis | Prospective neurons | Epidermis |

(A) Cells of early newt gastrula exhibit conditional development.
(B) Cells of early newt gastrula exhibit autonomous development
(C) Cells of late newt gastrula exhibit conditional development.
(D) Cells of late gastrula exhibit autonomous development.

The correct inferences are:

1. (A) and (D)
2. (B) and (C)
3. (A) only
4. (D) only

**95.** *ड्रोसोफिला* में खंडीभवन जीनें तीन समूहों (विवर, युग्म नियम और खंड ध्रुवता) में अपने उत्परिवर्त्ती लक्षणप्ररूपी के अनुसार विभाजित होती हैं। नीचे कुछ प्रमुख खंडीभवन पैटर्न प्रभावी जीनों को अनुक्रमिक ढंग से (समूह के संदर्भ में) प्रस्तुत किया गया है:

(A) *hairy → paired→ tailless → patched*
(B) *hunchback → even-skipped → fushi tarazu → wingless*
(C) *odd-skipped → giant → paired → wingless*
(D) *tailless → hairy → fushi tarazu → gooseberry*

इंगित कीजिए कि प्रारंभिक से उत्तर भ्रूण में अभिव्यक्त जीनों के ऊपर दिए अनुक्रमों में से कोन-सा/कौन-से सही हैं ?

1. (D) मात्र
2. (A) और (B)
3. (C) और (B)
4. (B) और (D)

**95.** Segmentation genes in *Drosophila* are divided into three groups (gap, pair rule and segment polarity) based on their mutant phenotype. Below are some of the major genes expressed in a sequential manner (with respect to the groups) affecting segmentation pattern.

(A) *hairy → paired→ tailless → patched*
(B) *hunchback → even-skipped → fushi tarazu → wingless*
(C) *odd-skipped → giant → paired → wingless*
(D) *tailless → hairy → fushi tarazu → gooseberry*

Which of the above sequence(s) of genes expressed from early to late embryo is/are correct?

1. (D) only
2. (A) and (B)
3. (C) and (B)



www.examrace.com

4. (B) and (D)

**96.** ऐसी मान्यता है कि मानवीय जरायुजी गोनेडोट्रापिन (hCG) ब्लास्टोसिस्ट के गर्भाशय से संलग्न होने को सुलभ करता है। hCG जीन में उत्परिवर्तनधारी महिलाओं में, यद्यपि जैविक रूप से निष्क्रिय hCG का निर्माण हुआ फिर भी आरोपण सम्पन्न हुआ। जब एक सामान्य महिला के गर्भाशय में hCG को प्रतिरक्षी-उदासीन कर दिया गया, तो आरोपण असफल रहा। यह इंगित करता हे कि मानवों में आरोपण के लिए:

1. जैविक रूप में सक्रिय चक्रण करते हुए hCG की आवश्यकता नहीं होती।
2. ब्लास्टोसिस्ट वांछित hCG का उत्पादन कर सकता है, जो स्थानीय रूप से गर्भाशय संलग्नन में सहायक होता है।
3. पोषकोर की कोशिकाओं को गर्भाशय की और अग्रसरण के लिए hCG की आवश्यकता नहीं होती है ।
4. भ्रूण के गर्भाशय से संलग्न होने के लिए अतिरिक्त भ्रूणीय ऊतक उत्तरदायी नहीं हैं।

**96.** Human chorionic gonadotropin (hCG) is known to facilitate attachment of blastocyst to uterus. In women with mutation in hCG gene, biologically inactive hCG was formed but implantation occurred. When hCG was immuno-neutralized in the uterus of normal woman, implantation failed. This suggests that for implantation in humans:

1. biologically active circulating hCG is not required.
2. blastocyst can produce the required hCG, which helps locally in uterine attachment.
3. trophoblastic cells do not require hCG for the invasion of uterus.
4. extra-embryonic tissue is not responsible for the attachment of embryo to uterus

**97.** पादपों में जननात्मक परिवर्धन के मध्य

(A) नर और स्त्री युग्मक कोशिकाएं अर्धसूत्रण के उपरांत दो समसूत्री विभाजनों द्वारा उत्पन्न होती हैं।

(B) पराग में विद्यमान कायिक कोशिकाएं पराग-परिवर्धन में सहायक होती हैं।

(C) प्रतिध्रुवी कोशिकाएं परिवर्धनशील भ्रूण को पोषण प्रदान करती हैं।

(D) पराग-नलिका फट जाती है और दोनों नर युग्मकों को एक अपघटित सहकोशिका (synergid ) में अवमुक्त करती है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. (A) और (B)
2. (B) और (D)
3. (B) और (C)
4. (A) और (D)

**97.** During reproductive development in plants:

(A) male and female gametes are produced as a result of two mitotic divisions after meiosis.

(B) vegetative cells in pollen contribute to pollen development.

(C) antipodals provide nourishment to developing embryos.

(D) pollen tube ruptures and releases both the male gametes in one of the degenerated synergids.

Which of the above statements are true?

1. (A) and (B)
2. (B) and (D)
3. (B) and (C)
4. (A) and (D)

**98.** स्तनपोषियों में निषेचन के मध्य शुक्राण-अंड अन्योन्य क्रिया, जोना पेलूसिडा (ZP) कला की प्रोटीनों और उनकी शुक्राण कला में विद्यमान ग्राहियों द्वारा समामेलित की जाती है। ZP3

ऐसी प्रमुख ZP प्रोटीन पहचान ली गई है जिसका पश्च-अनुवादिक रूपांतरण शुक्राण-अंड अन्योन्य-क्रिया के लिए महत्वपूर्ण है। एक प्रतिद्वंद्वात्मक अवरोधन जांच में शुक्राणु की शुक्राणु-अंड अन्योन्य क्रिया अध्ययन से पूर्व, ZP3 अथवा इसके रूपांतरित रूपों से संतृप्त कर दिया गया है । इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-से प्रयोग शुक्राण-अंड परस्पर क्रिया को अवरोधित नहीं करेंगे?

1. प्रयोग से पूर्व शुक्राणु को ZP3 प्रोटीन से संतृप्त कर दीजिए।
2. ZP3 प्रोटीन का विग्लाइकोजायलेशन करने के उपरांत इसको शुक्राणु संतृप्त करने के लिए उपयोग कीजिए।
3. ZP3 प्रोटीन का फॉस्फोरिलीकरण करने के उपरांत इसको शुक्राणु संतृप्त करने के लिए उपयोग कीजिए।
4. ZP3 प्रोटीन का विफॉस्फोरिलीकरण करने के उपरांत इसको शुक्राणु संतृप्त करने के लिए उपयोग कीजिए।

**98.** During fertilization in mammals, sperm-egg interaction is mediated by zona pellucida (ZP) membrane proteins and their receptors present in sperm membrane. ZP3 has been identified to be the principle ZP protein whose post-translational modification is important for sperm – egg interaction. In a competitive inhibition assay the sperm is saturated with either active ZP3 or its modified forms, before studying sperm-egg-interaction. Which of the following experiments will NOT inhibit sperm-egg-interaction

1. Saturate sperm with ZP3 protein prior to use.
2. Deglycosylate the ZP3 protein and use it for saturation of sperm.
3. Phosphorylate the ZP3 protein and use it for saturation of sperm.
4. Dephosphorylate the ZP3 protein and use it for saturation of sperm.

**99.** यदि *एराबिडोप्सिस* के ऐसे पादप को, जिसका लायकोपीन जैवसंश्लेषण पथिका उत्परिवर्तन हो चुका है, धूप से परिपूर्ण, उष्णकटिबंधी जलवायु में ऑक्सीजन की उपस्थिति में उगाया जाय तो

1. यह प्रकाश-संश्लेषण की बढ़ी हुई दर के फलस्वरूप उच्च जैवभार संचयित कर लेगा।
2. इस उत्परिवर्तन का प्रकाश-संश्लेषण की दर और पादप वृद्धि पर कोई प्रभाव नहीं होगा।
3. प्रकाश-उपचायी क्षति के फलस्वरूप यह घटा हुआ जैव-भार दर्शाएगा।
4. जैन्थोफिलों के उच्च संचयन के फलस्वरूप पत्तियों का रंग नीलाभ गुलाबी हो जाएगा ।

**99.** If an *Arabidopsis* plant, mutated in lycopene biosynthetic pathway is grown in sunny tropical climate in the presence of oxygen:

1. it would accumulate higher biomass due to higher rate of photosynthesis.
2. there will not be any influence of this mutation on the rate of photosynthesis and plant growth.
3. it would show reduced biomass due to photo oxidative damage.
4. the leaves would be bluish purple in color because of higher accumulation of xanthophylls.

**100.** वैकल्पिक ऑक्सिडेज नियंत्रण के वर्तमान मॉडल के अनुसार, निम्न कारक वैकल्पिक ऑक्सिडेज का अभिप्रेरण करते हैं:

(A) कोशिका-द्रव्य में उबीक्विटीन कोश में पर्याप्त बढ़त।

(B) α-कीटों अम्लों (जैसे पाइरूवेट और ग्लाइऑक्जाइलेट) की उपस्थिति।

(C) शीत प्रतिबल।

(D) कोशिकाद्रव्यीय ATP सांद्रण में बढ़त।

ऊपर दिए हुए कथनों में से कौन-सा संयोजन सही है ?

www.examrace.com

1. (A) और (D)
2. (B) और (C)
3. (A) और (B)
4. (A) और (C)

**100.** According to the current model of alternative oxidase regulation, the following factors cause induction of alternative oxidase:

(A) significant increase in the ubiquitin pool in the cytosol.
(B) presence of α-keto acids (like pyruvate and glyoxylate).
(C) cold stress.
(D) increase in cytosolic ATP concentration.

Which one of the following combinations of above statements is true?

1. (A) and (D)
2. (B) and (C)
3. (A) and (B)
4. (A) and (C)

**101.** हरीतिमा-रहित ऊतकों में उपचायी पेन्टोस फॉस्फेट पथिका लवकों (अवर्णीलवकों में) नाइट्राइट अपचयन के लिए अपचयनी तुल्यांकों को उपलब्ध कराती है । ऊपर दी हुई पथिका के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही होगा ?

1. $NH_4^+$ से संश्लेषित ग्लूटेमेट कोशिका-द्रव्य से अवर्णीलवक में स्थानांतरित हो जाता है।
2. α-कीटोग्लूटेरेट कोशिका-द्रव्य से अवर्णीलवक में स्थानांतरित हो जाता है।
3. ग्लूकोस-6-फॉस्फेट अवर्णीलवक से कोशिका-द्रव्य में स्थानांतरित हो जाता है और अभिगमन करता है ।
4. ट्रायोस फॉस्फेट कोशिका-द्रव्य से अवर्णीलवक में स्थानांतरित हो जाता है।

**101.** The oxidative pentose phosphate pathway provides the reducing equivalents for nitrite reduction in plastids (leucoplasts) of non-green tissues. Which one of the following statements would be correct for the above mentioned pathway?

1. Glutamate synthesized from $NH_4^+$ is translocated from cytosol to leucoplast.
2. α-ketoglutarate is translocated from cytosol to leucoplast.
3. Glucose-6-phosphate is translocated and moves from leucoplast to cytosol.
4. Triose phosphate is translocated from cytosol to leucoplast.

**102.** पादपों में नीले प्रकाश का अवबोधन

1. कोशिका दीर्घन अवरोधित करता है और रंध्रीय खुलने को अभिप्रेरित करता है
2. कोशिका दीर्घन अभिप्रेरित करता है और रंध्रीय खुलने को अवरोधित करता है
3. रंध्रीय खुलने को अवरोधित करता है
4. कोशिका दीर्घन का अवरोधन करता है

**102.** Perception of blue light in plants causes

1. inhibition of cell elongation and stimulation of stomatal opening.
2. stimulation of cell elongation and inhibition of stomatal opening.
3. inhibition of stomatal opening.
4. inhibition of cell elongation.

**103.** मृदा के जल विभव के संदर्भ में कुछ कथन नीचे दिए गए हैं:

(A) मृदा जल का परासरणी विभव ($\psi_s$) लवणीय मृदाओं के सिवाय सामान्यतः नगण्य होता है।
(B) लवणीय मृदा का परासरणी विभव ($\psi_s$) सदैव शून्य से अधिक होता है।
(C) शुष्क मृदाओं में मृदा जल विभव का द्रव स्थैतिक दाब ($\psi_p$) सदैव धनात्मक होता है।

(D) मृदा जल का गुरुत्वीय विभव ($\psi_g$) सदैव वृक्ष की ऊँचाई के आनुपातिक होता है।
उपरोक्त कथनों का निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है ?

1. (A) और (C)
2. (B) और (D)
3. (C) और (B)
4. (D) और (A)

**103.** Following are few statements regarding water potential of soil.

(A) The osmotic potential ($\psi_s$) of soil water is generally negligible, except in saline soils.
(B) The osmotic potential ($\psi_s$) of saline soil is always more than zero.
(C) In dry soils the hydrostatic pressure ($\psi_p$) of soil water potential is always positive.
(D) Gravitational potential ($\psi_g$) of soil water is always proportional to height of the tree.

Which one of the following combinations of above statements is true?

1. (A) and (C)
2. (B) and (D)
3. (C) and (B)
4. (D) and (A)

**104.** अग्रगामी अमीनो अम्ल और एल्केलॉइड के निम्न युग्मों में से कौन-सा सही है ?

1. 'Ornithine aspartate–nicotine' and tryptophan -quinine'
2. 'Ornithine–nicotine' and 'tyrosine-orphine'
3. 'Tyrosine–quinine' and 'tryptophan-orphine'
4. 'Ornithine–quinine' and 'ornithine aspartate - nicotine'

**104.** Which one of the following pairs of precursor amino acid and alkaloid is correct?

1. 'Ornithine aspartate–nicotine' and tryptophan -quinine'
2. 'Ornithine–nicotine' and 'tyrosine-orphine'
3. 'Tyrosine–quinine' and 'tryptophan-orphine'
4. 'Ornithine–quinine' and 'ornithine aspartate - nicotine'

**105.** लाक्षणिक आकारिकीय दोष आनुवंशिक अनुवीक्षणों में लीक संकेत पारक्रमण पथिकाओं में नई जीनों की पहचान करने के लिए उपयोग किए जाते हैं । इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सी आकारिकी एथिलीन संकेतन पथिकाओं को संज्ञान में लेने के लिए उपयोग में ली गई है ?

1. नवोद्भिद की प्रकाश में वृद्धि करने के कारण बनी आकारिकी
2. नवोद्भिद की त्रिगुणित अनुक्रिया के प्रत्युत्तर में बनी आकारिकी
3. नवोद्भिद की अंधेरे में वृद्धि करने के कारण बनी आकारिकी
4. सत्य पत्तियों की आकारिकी

**105.** Typical morphological defects are routinely used in genetic screens to identify novel genes in signal transduction pathways. Which one of the following morphology has been used to decipher the ethylene signaling pathways?

1. Light grown morphology of seedling.
2. Triple response morphology of seedling.
3. Dark grown morphology of seedling.
4. Morphology of true leaves.

**106.** अस्थि मज्जा में, स्तम्भ कोशिकाएं अलग-अलग वंश वृक्षों के प्रति प्रतिबद्ध होती हैं। वे कारक जो इन अलग-अलग वंश वृक्षों की कॉलोनियों को अभिप्रेरित करते हैं इन्टल्यूकिन-3 (बहु-CSF), कणिकाणु-बृहतभोजी कॉलोनी अभिप्रेरण कारक (GM-CSF) और कणिकाणु अथवा बृहतभोजी कॉलोनी अभिप्रेरण कारक (G-CSF अथवा M-CSF), हैं।

एक GM-CSF-न्यून मूषक में, हीमाटोपोइटिक कोशिकाओं की संख्या में परिवर्तन हो जाएगा। इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा सही है?

1. मस्तूल कोशिकाओं की संख्या तो सामान्य रहेगी लेकिन कणिकाणुओं और बृहतभोजियों की संख्या घट जाएगी.
2. कणिकाणुओं की गिनती तो सामान्य रहेगी, लेकिन बृहतभोजियों की नहीं.
3. बृहतभोजी की संख्या अपरिवर्तित रहेगी.
4. मूषक सभी तीन प्रकार की कोशिकाओं में न्यूनता दर्शाएंगें ।

**106.** In bone marrow, stem cells are committed to different lineages. Factors that stimulate the colonies of these different lineages are interleukin-3 (multi-CSF), granulocyte-macrophage colony stimulating factor (GM-CSF) and granulocyte or macrophage colony stimulating factor (G-CSF or M-CSF). In a mouse deficient in GM-CSF, the number of hematopoietic cells will be altered. Which one of the following is correct?

1. Mast cells will be normal in number while granulocytes and macrophages will be deficient in number.
2. Granulocytes count will be normal but not of macrophages.
3. Macrophage number will remain unaltered.
4. Mice will be deficient in all the three cell types.

**107.** कोई व्यक्ति पाचन संबंधी परेशानियों से पीड़ित था। परीक्षण से पता चला कि वह निर्जलीकृत जठरांग क्षेत्र धारण किए हुए है। जब अग्रवर्ती छानबीन की गई तो उसके निम्न (प्रतीकों) में दोष पाए गए:

(A) पुटीय तन्तुमयता पराकला संचालन नियंत्रक प्रोटीन
(B) ग्लूकोस परिवाहक प्रोटीन
(C) $Na^{+}/K^{+}$ ATPase
(D) $Ca^{2+}$ATPase

इंगित कीजिए कि इस प्रकार की पाचकीय गड़बड़ के लिए उपरोक्त में से कौन-सा कारण हो सकता है?

1. मात्र (A)
2. (B) और (C)
3. (C) और (D)
4. मात्र (D)

**107.** An individual was suffering from digestive complications. It was observed that the individual had dehydrated gastrointestinal tract. When an advanced investigation was done, the person was found to have defects in the following:

(A) cystic fibrosis transmembrane conductance regulator protein.
(B) glucose transporter protein.
(C) $Na^{+}/K^{+}$ ATPase.
(D) $Ca^{2+}$ATPase.

Which of the above could be the cause for such a digestive disorder?

1. (A) only
2. (B) and (C)
3. (C) and (D)
4. (D) only

**108.** दो प्रकार के द्रवों जैसे समुद्री जल और कृत्रिम समुद्री जल जिनका यद्यपि परासरण दाब कोलीन क्लोराइड द्वारा उतना ही बनाए रखा गया लेकिन सोडियम आयनों का सान्द्रण निम्न था, नहलाए गए एक स्क्विड के दीर्घकाय तंत्रिकाक्ष का कोशिकांतस्थ क्रियाशील विभव अभिलेखित किया गया। यह पाया गया कि दोनों स्नान-द्रवों में क्रिया विभव की प्रकृति अलग-अलग थी। इंगित कीजिए कि निम्न में सबसे सम्भाव्य परिणाम कौन-सा होगा?

1. यद्यपि सुप्त पराकला विभव में परिवर्तन नहीं हुआ था लेकिन स्नान-द्रव में निम्न

सोडियम सांद्रण के कारण क्रिया विभव का आयाम बढ़ गया था.

2. यद्यपि स्नान-द्रव में सोडियम सांद्रण के घटने के साथ-साथ क्रिया विभव का आयाम धीरे-धीरे घट गया था, लेकिन क्रिया विभव की अवधि बढ़ गई थी.
3. स्नान-द्रव में निम्न सोडियम सांद्रण के साथ सुप्त पराकला विभव घट गया था और क्रिया विभव का आयाम भी कम हो गया था.
4. यद्यपि स्नान-द्रव में सोडियम सांद्रण के घट जाने पर, क्रिया विभव का आयाम अपरिवर्तित रहा था, क्रिया विभव की अवधि बढ़ गई थी.

**108.** The action potential was recorded intracellularly from a squid giant axon bathed in two types of fluid such as sea water and artificial sea water having lower concentration of sodium ions while maintaining the same osmotic pressure with choline chloride. The nature of action potential was different in the two bathing fluids. Which of the following results is most likely?

1. The resting transmembrane potential was not changed but the amplitude of action potential was increased with lower sodium concentration in the bathing fluid.
2. The amplitude of action potential was gradually decreased with reduction of sodium concentration in bathing fluid but the duration of action potential was prolonged.
3. The resting transmembrane potential was decreased and the amplitude of action potential was also decreased with lower sodium concentration in the bathing fluid.
4. The amplitude of action potential was not changed with reduction of sodium concentration in the bathing fluid but the duration of action potential was prolonged.

**109.** डेक्सट्रानों के तीन रूपों अर्थात उदासीन, बहुएनायोनिक और बहुकेटायोनिक को, जिनके आण्विक अर्द्धव्यास भिन्न-भिन्न थे, चूहों के तीन समूहों में अलग-अलग संक्षेपित किया गया। डेक्सट्रानों की निस्यंदनीयता का निर्धारण करने के लिए कोशिकागुच्छ निस्यंद में डेक्सट्रानों के सांद्रणों का आमापन किया गया। सम्भावित परिणाम निम्नवत हो सकते है:

(A) अपेक्षाकृत लघु व्यासधारी डेक्सट्रानों की निस्यंदनीयता, बड़े डेक्सट्रानों की तुलना में कहीं अधिक थी।

(B) उदासीन डेक्सट्रानों, बहुकैटायोनिक और बहुएनायोनिक डेक्सट्रानों की तुलना में कहीं अधिक निस्यंदित हुए थे।

(C) बहुकैटायोनिक डेक्सट्रान, उदासीन और बहुएनायोनिक डेक्सट्रानों की तुलना में कहीं अधिक निस्यंदित हुए थे।

(D) बहुएनायोनिक डेक्सट्रान उदासीन और बहुकैटायोनिक डेक्सट्रानों की तुलना में कहीं अधिक निस्यंदित हुए थे।

इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है?

1. (A) मात्र
2. (B) मात्र
3. (A) और (C)
4. (B) और (D)

